# राजस्थान पुलिस ने मप्र में पकड़ी ड्रग फैक्ट्री

- लाखों रुपये का ड्रग और सामग्री बरामद
- राजस्थान पुलिस ने माचलपुर पुलिस की मदद से मारा छापा
- राजस्थान के झालावाड़ एसपी ने मानी बड़ी सफलता

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 04 फरवरी,का. राजस्थान-मप्र की सीमा पर बसे माचलपुर कस्बे के समीप मंगलवार की रात्रि को राजस्थान के झालावाड़ जिले की विशेष टीम ने ग्राम गोघटपुर में मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण करने वाली फैक्ट्री पकड़ी है. इसमें लाखों रूपये का मादक पर्दार्थ बरामद किया है. हालांकि मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका है. झालावाड़ एसपी अमित कुमार बुढ़ानिया ने एनडीपीएस एक्ट के विरूद्ध इसे बड़ी कार्रवाई बताया है.**

झालावाड़ एसपी ने बताया कि पाटन जिला झालावाड़ द्वारा दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में यह जानकारी में आया था कि आरोपी रघुनंदन पिता गोवर्धन पाटीदार निवासी ग्राम गोघटपुर थाना माचलपुर मप्र द्वारा अपने निवास स्थान पर ड्रग्स निर्माण की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी.

राजस्थान पुलिस ने माचलपुर पुलिस को सूचित करते हुए आरोपी के निवास की तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त रॉ मटेरियल एवं उपकरण बरामद किए गए. यद्यपि आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है.

### इनका कहना है



हमारी टीम ने बीते दिनों झालरापाटन में एक संदिग्ध को पकड़ा था। उससे पूछताछ में मप्र के आगर और सुसनेर इलाके में ड्रग तस्करी की मूवमेंट की जानकारी मिली। हमने वहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया। कुछ संदिग्धों को पकड़ने के बाद भी पूछताछ की गई तो मप्र के राजगढ़ जिले के माचलपुर के समीप ड्रग बनाने की यूनिट का पता चला। मुख्य आरोपी फरार है। राजगढ़ एसपी अमित सुरेश तोलानी और टीम के सहयोग से हमने जखीरे को बरामद किया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। जल्द उसे पकड़ लेंगे।

**अमित बुडानिया,**
**एसपी झालावाड़ राजस्थान**

मौके पर दबिश के दौरान पुलिस को एपीएन एंड फार्मा कंपनी के मेलाटोनिन 04 पैकेट, कुल वजन 4 किलो 810 ग्राम, 2. रेन्केम लेबोरेटरी रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (2-प्रोपेनॉल) 490 ग्राम व 360 ग्राम, रेन्केम लैबोरेटरी 4 के रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद मैथेनॉल -470 ग्राम व 220 ग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 4.810 किग्रा., नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 5.380 किग्रा., नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 17.695 किग्रा., स्टील/प्लास्टिक मिश्रित कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 7.950 किग्रा. मिला है.


## भदौरा के जंगल में मिली अधेड़ की सिर कटी लाश

**गुना 4 फर. का।** म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत भदौरा गांव के जंगलों में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से युवक की गर्दन काटकर शरीर से अलग कर दी है। जानकारी सामने आई है कि भदौरा गांव निवासी रतिराम कुशवाह (50) मंगलवार को अपनी गायों को चराने के लिए पास के जंगल में गया था। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बुधवार सुबह जब परिजन और ग्रामीण फिर से तलाश करने निकले, तो जंगल में भदौरा-नेतलपुर मार्ग पर गौशाला के पास रतिराम का रक्तरंजित शव मिला। हत्या इतनी बेरहमी से की गई कि युवक का सिर धड़ से पूरी तरह अलग मिला है।

# स्मार्ट मीटर से कंपनी मालामाल, जनता बेहाल

**अब तक 16675 में से लग सके 11568 स्मार्ट मीटर**

**एक माह में मिली 253 मीटर से बिजली चोरी की जानकारी**



### विद्युत कंपनी ने एक साल में पकड़े 1779 बिजली चोर

जानकारी के अनुसार जोन न 1 साल में 1779 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा था जिनसे 94 लाख 31 हजार रुपए की रिकवरी भी की गई थी. विद्युत वितरण कंपनी ने नगरीय क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगा लिए हैं जिसके बाद बिलिंग भी अब स्मार्ट मीटर ही कर रहे हैं. ऐसे में उपभोक्ताओं की खैर नहीं है जो स्मार्ट मीटर के छेड़छाड़ कर बिजली चोरी की घटनाओं का अंजाम दे रहे थे और विद्युत वितरण कंपनी को चूना लगा रहे थे. इससे विद्युत वितरण कंपनी को राजस्व की हानि हो रही थी. स्मार्ट मीटर ने बिजली चोरी पकड़ना शुरू कर दिया है.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 4 फरवरी. शहर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर अब कम्पनी के लिए कमाऊपूत साबित हो रहे हैं. अत्याधुनिक तकनीक से लैस इन मीटरों ने जहां बिजली चोरी पर सीधा प्रहार किया है, वहीं कम्पनी के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है. कंपनी द्वारा बीते एक साल में 1779 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा था जिनसे 94 लाख 31 हजार रुपए की रिकवरी की गई थी.**

पारंपरिक मीटरों के दौर में जहां छेड़छाड़, स्लो मीटर और अवैध कनेक्शन आम बात थे, वहीं स्मार्ट मीटर ने इन सभी रास्तों को लगभग बंद कर दिया है. रीयल-टाइम डेटा ट्रांसमिशन की सुविधा के कारण अब हर यूनिट की सटीक खपत सीधे कम्पनी के सर्वर तक पहुंच रही है, जिससे गड़बड़ी की गुंजाइश खत्म होती जा रही है. गौरतलब है कि नगर में विद्युत वितरण कंपनी ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की थी जिसके बाद सीहोर नगर के जोन वन में 16675 उपभोक्ताओं में से 11568 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं.

# भारत को विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनाया

## मंत्री कृष्णा गौर ने की प्रेस वार्ता, बताए बजट के फयदे



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, भारतीय जनता पार्टी कि वरिष्ठ नेता कृष्णा गौर ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता की कृष्णा गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के पुराने वैभव को वापस दिलाने, देश को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब दुनिया के देश पढ़ना नहीं जानते थे, तब भारत में तक्षशिला विश्वविद्यालय था. दुनिया में सबसे पहले भारत में वेदों की रचना की गई.**

सनातन काल से भारत व्यापार में अग्रणी रहा है, इसीलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था.विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश भारत है.विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हमारे देश के प्रभारी श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं. प्रधानमंत्री भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना चुके हैं. प्रधानमंत्री के नेतृत्त में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है.

## सैनिक एवं सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

**राजगढ़ 04 फरवरी, का.** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व जिला रोजगार कार्यालय राजगढ़ के सहयोग से एवं एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एस आई एस के संयुक्त तत्वधान में राजगढ़ जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा. जिसमें सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा 07 फरवरी, 2026 को न्यू तहसील आजीविका भवन ब्यावरा, 09 फरवरी को जनपद पंचायत नरसिंहगढ में, 10 फरवरीको जनपद पंचायत राजगढ़ में, भर्ती कैंप शिविर का आयोजन प्रात: 11 से 3 तक किया जाएगा

# पाराशरी नदी का होगा कायाकल्प

## नगर पालिका व पंचतत्व ने लिया संकल्प, नदी का हाल जानने आए थे मंत्री पटेल

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 4 फरवरी, पाराशरी नदी का कायाकल्प करने का नगर पालिका परिषद तथा पंचतत्व संस्था ने संकल्प लिया था. स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपए खर्च हो गए नदी के हालात नहीं बदले मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल भी आए थे और उन्होंने पाराशरी नदी के कायाकल्प में श्रमदान कर अपनी भागीदारी निभाई थी और खूब सराहना की थी पंचतत्व के सभी पदाधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद के निर्णय की चंदा भी हुआ था.**



नगर पालिका की जेसीबी भी चौड़ाई गहराई बढ़ाने में लगी रही थी. पचमा मार्ग स्थित पाराशरी नदी पल के पास क्या स्थिति बनी हुई है.यह तो मौके पर ही देखा जा सकता है.

मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जहां मिट्टी की तगाड़ी अपने कंधे पर रखकर उपस्थित जनों के साथ श्रमदान किया था.वहां अब बच्चों ने शौचालय बना लिया है और गंदगी रुकी पड़ी है.इसी प्रकार पाराशरी नदी मुख्य मार्ग पर आयोजन रखा गया था.जहां पूर्व विधायक वर्तमान विधायक नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष तथा सभी पार्षद एवं समाजसेवी कारोबारी व्यापारी उपस्थित थे.

## गैर हाजिर कर्मचारियों का कटेगा 1 दिन का वेतन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सीएमएचओ रामहित कुमार ने बुधवार को सरकारी अस्पताल का निरिक्षण किया.उन्होंने जिसमें परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छता को बेहतर करने के निर्देश दिये गये. डॉ. कुमार के द्वारा अस्पताल की लैब में जॉचो की जानकारी के साथ-साथ कार्यरत अमले की जानकारी ली गई. अनुपस्थित कर्मचारियो को नोटिस जारी करते हुए उक्त दिवस के वेतन काटने के निर्देश जारी किये गये. टीबी रोग की जांच के लिए 1 लैब तकनीशियन उपलब्धता होने के पशचात् कार्यरत अन्य 1 लैब तकनीशियन को और कार्य करने हेतु लैब प्रभारी को निर्देशित किया गया. जिससे टीबी की जॉच में कोई परेशानी न हो. लैब में सामग्री, रीएजेण्ट व अन्य की उपलब्धता की जानकारी भी ली गई.

## एक नजर में



### स्वास्थ्य शिविर में किया ग्रामीणों का परीक्षण

**सीहोर.** वीआईटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तीसरे दिन प्रभात फेरी के पश्चात स्वयंसेवकों ने योगा अभ्यास किया. ग्राम बोरखेड़ा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्स तथा सामान्य चिकित्सों ने ग्रामीणों की जांच हुई और उनको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया. चिकित्सा शिविर के साथ क्लॉथ डोनेशन का भी आयोजन किया. इसके अलावा खेलकूद गतिविधियों में पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि, दीप्ति भोजवानी आदि उपस्थित थे.



### कौटिल्य आर्थिक क्लब के तहत प्रतियोगिताएं

**सागर.** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कौटिल्य आर्थिक क्लब के तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. पोस्टर निर्माण में छात्राओं ने पाठ्यक्रम आधारित चित्रों का निर्माण किया. प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने कहा कि इन सब के साथ में आप सबको अपने नैतिक मूल्यों एवं संस्कृति को बनाए रखने की आवश्यकता है. विभागाध्यक्ष डॉ. बिंदु श्रीवास्तव एवं डॉ.अंजना चतुर्वेदी ने छात्राओं को संबोधित किया.

### पेंशनर एसोसिएशन का सम्मेलन 7 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन बैतूल का स्नेह सम्मेलन शनिवार 7 फरवरी को सागौन बाबा दरबार, परशुराम चौक (कॉलेज चौक) के पास बैतूल में आयोजित होगा। एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीके तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। इसमे पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों व पेंशनर की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संयुक्त मोर्चा के विधि सलाहकार एमएम अंसारी, जो एसोसिएशन शाखा सचिव भी है, वह मोर्चा द्वारा निर्धारित प्रदेश के सभी सर्किल/जिलों में विद्युत पेंशनर के दो सूत्रीय मांगपत्र पेंशन ग्यारंटी और केंद्र के समान घोषित दर व दिनाँक से महँगाई राहत का भुगतान के लिए जारी संघर्ष अनुसार 11 फरवरी को कैंपेन हाउस लिंक रोड परिसर बैतूल में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धरना-प्रदर्शन तथा महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी बैतूल को ज्ञापन दिए जाने की रुपरेखा तथा आगामी संघर्ष कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी सभी को देंगे।

### बजरंगगढ़ मंडल की कार्यशाला आयोजित

**गुना।** वीबी जी राम जी केवल एक बिल नहीं, बल्कि गांवों के समग्र विकास और 125 दिन के रोजगार का 'पक्का संकल्प' है।यह सिर्फ रोजगार योजना नहीं, बल्कि रोजगार और आजीविका मिशन के तौर पर गांव की अर्थव्यवस्था को और गति देने वाली योजना है। सशक्त गांव, समृद्ध भारत' के संकल्प की सिद्धि का आधार है,ये बात भारतीय जनता पार्टी के बजरंगगढ़ मंडल द्वारा आयोजित वीबी जीरामजी अधिनियम पर आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाल में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने कही।

# आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। बुधवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए जिले में स्थित शासकीय संस्थाओं एवं जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौपा है।**

ज्ञापन में बताया गया कि 15 अगस्त से पहले जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने की मांग की गई थी। लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं होने कारण कार्यकताओं को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा और जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सामूहिक रूप से सौपा गया है।



ज्ञापन में बताया गया कि बीते 22 जनवरी को बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरेंद कुशवाहा से खरों के मेले में मारपीट की गई थी जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था,इसके बाद पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया,तो वही मोहनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव शुक्लान टोरिया गांव में राजू अहिरवार के परिवार के साथ गांव के दबंगों द्वारा मारपीट की गई थी जिसकी रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई। ज्ञापन में प्रदर्शन करने आए लोगों ने इस मामले में पुलिस से पीड़ित को न्याय दिलाए जाने की प्रशासन से मांग की है।

ज्ञापन में आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी ने प्रशासन को अवगत कराते हुए कहा की वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने एक हरिजन शब्द को बेन किया था कोर्ट का आदेश था कि चाहे पत्राचार की भाषा हो या आम बोलचाल की भाषा में जातिचूचक का प्रयोग करना बेन है यहां तक कि शासकीय संस्थाओं के ऊपर लिखे हुए जाति सूचक शब्द के साथ गांव मोहल्ला शहर नगर का नाम जातिसूचक नहीं होना चाहिए। जिसको लेकर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टीकमगढ़ जिले के अंदर शासकीय संस्थाओं के ऊपर लिखे जाति सूचक शब्दों को परिवर्तित करने के साथ गांव मोहल्ला को जाती सूचक शब्द का प्रयोग कर बुलाने बालों पर कारवाही करने की मांग की है।



# मक्का के दामों में गिरावट आने से आवक हुई कम

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 4 फरवरी. मौसम की मार और सोयाबीन के घटते उत्पादन की वजह से जिले के किसानों का सोयाबीन के प्रति मोह भंग होते जा रहा है। हालात यह है कि अब किसान सोयाबीन के बजाए मक्का फसल पर भरोसे जता रहे है।**

यहीं वजह है कि कृषि उपज मंडी में हर साल मक्के की बंपर आवक बनी रहती है। कई बार मक्के की नीलामी तक रोकनी पड़ती है। अभी इस साल भी खरीफ सीजन में मक्का का जमकर उत्पादन हुआ। जिसके कारण पिछले 3 माह से मंडी में मक्का की बंपर आवक बनी है। प्रतिदिन 25 हजार क्विंटल से अधिक मक्का मंडी में पहुंच रही है। मक्के के अलावा गेहूं और सोयाबीन की भी आवक है। ऐसे में मंडी में व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। मक्का की बंपर आवक के कारण बडोरा रोड पर कई बार जाम के हालात भी निर्मित हुए। बता दे कि किसान ट्रैक्टरों में मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे है। मंडी में प्रवेश का समय तय होने से किसान देर रात से ही मंडी में आ रहे है। चूंकि मंडी में आवाजाही के लिए एक ही गेट है, ऐसे में वाहनों के आमने-सामने खड़े होने के कारण जाम की स्थिति भी बनती रहती है।

**मांग घटते ही गिरे मक्के के दाम** : जिले में इस बार किसानों ने सोयाबीन का रकबा कम कर मक्का का रकबा बढ़ाया था। हालांकि शुरू-शुरू में मक्का की आवक अधिक होने से दाम भी कम मिल रहे थे, लेकिन नये साल की शुरूआत के साथ ही मक्के के दामों ने भी बढ़ोत्तरी देखी गई। लेकिन मांग कम होते ही फिर मक्के के दामों में गिरवट आ गई है।

कृषि उपज मंडी में पिछले दो-तीन महीने से मक्का की बंपर आवक बनी हुई है। 1 जनवरी से 29 जनवरी तक कृषि उपज मंडी बडोरा में 5 लाख 10 हजार 468 क्विंटल मक्का की आवक हो चुकी है। जबकि पिछले साल जनवरी के पूरे माह में केवल 3 लाख 38 हजार 936 क्विंटल आवक आई थी। पिछले माह दिसंबर में मक्का की 7 लाख 87 हजार 927 क्विंटल आवक हुई। 2024 में 6 लाख 41 हजार 987 क्विंटल आवक आई। इस बार अधिक आवक आने से मंडी में अव्यवस्था हो गई है।

# सिंधिया ने खेतों पर पहुंच ओलावृष्टि का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। पिछले दिनों क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा मे ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेत- खेत पहुंचे। जहां उन्होंने ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों को देखा साथ ही किसानों से चर्चा की और उन्हें हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।**

इस दौरान उनके साथ विधायक बृजेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को जल्द मुआवजा की राशि प्रदाय करने के निर्देश दिए वही ग्राम बंगला चौराहा पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज की 649 वीं जयंती कार्यक्रम समारोह मे सम्मिलित हुए। वही विधायक बृजेंद्र सिंह यादव समारोह में शामिल हुए एवं मंच पर उपस्थित समस्त साधु संतों का माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके बाद वह सीधे भोपाल निकल गए।



नगर में कई जगहों पर किया गया भव्य स्वागत- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब नगर में उनका काफिला निकला तो जगह-जगह उनका भाजपा कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## अवैध हथियार सहित कारतूस बरामद

**टीकमगढ़।** पुलिस जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई किए जाने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र एवं मुखबिर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। थाना कुड़ीला पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दूबदेई माता मंदिर मार्ग, तिगैला की पुलिया से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी नारायण सिंह उर्फ नरेन्द्र, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी ग्राम दोह, थाना कुड़ीला के कब्जे से एक 12 बोर की देशी अद्दी कट्टा एवं 12 बोर के दो जिंदा कारतूस जप्त किए?

**महोत्सव** | संपूर्ण मेला क्षेत्र 13 सेक्टर में विभाजित किया गया, अधिकारियों को किया तैनात

# शिव भक्तों के लिये तैयार हुई सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/04,फरवरी,2026 / मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 6 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय आस्था महोत्सव महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया जाएगा।**

मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मेले में सुरक्षा स्वच्छता परिवहन जलापूर्ति आवागमन एवं स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर रूप से भ्रमण कर मेले के सफल आयोजन के लोई निरीक्षण किया जा रहा है। इस वर्ष मेले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है जिससे मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।



उल्लेखनीय है कि मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं। मुख्य रूप से महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर भूत भावन भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने चौरागढ़ मंदिर जाते हैं। इस वर्ष भी लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पचमढ़ी पहुंचने का अनुमान है जिसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

13 सेक्टर में विभाजित रहेगा पूरा मेला क्षेत्र, समस्त सेक्टरों में लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी. संपूर्ण मेला क्षेत्र 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है।

प्रत्येक सेक्टर का कार्य क्षेत्र निर्धारित कर सेक्टर अधिकारी के रूप में अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो अपने-अपने सेक्टर में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे एवं मेले के सुचारू संचालन में आवश्यक व्यवस्थाओं पर निगरानी रखेंगे। अधिक व्हील बेस वाले वाहनों को किया गया प्रतिबंधित, विभिन्न स्थानों पर तैयार को गई अस्थाई पार्किंग सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अधिक व्हील बेस वाले वाहनों को किया प्रतिबंधित.

## भगवान कृष्ण को आज लगेगा छप्पन भोग

**सीहोर.** शहर के वृन्दावन कालोनी में श्री सांवरिया सेवा समिति और क्षेत्रवासियों के तत्वाधान जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया. कथा वाचक पं. रविन्द्राचार्य ने भगवान श्रीराम जन्म के अलावा भगवान श्री कृष्ण और वामन अवतार के बारे में वर्णन किया. भगवान विष्णु के राम अवतार कृष्ण अवतार व वामन अवतार की लीला के बारे में श्रद्धालुओं को बताया कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है. समिति अध्यक्ष उषा राज शर्मा ने बताया कि गुरुवार भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा.